उसने सीखा नहीं है। पिछले तीन मैचों में भी अपने विकेट से उसने सबक नहीं लिया है। वे बाहर गेंद डाल रहे हैं और वह लगातार इस जाल में फंस रहा है। उसे इन गेंदों पर हवाई शॉट खेलने से बचना होगा। - सुनील गावस्कर

पूर्व भारतीय कप्तान, ऋषभ पंत को लेकर।

खेल जगत

आज का खिलाड़ी ▶

हरमनप्रीत कौर

अनुभवी मिताली राज और झूलन गोस्वामी की गैरमौजूदगी में श्रीलंका दौरे पर जा रही भारतीय टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर का मानना है कि यह 'टीम गठन' के लिए शानदार मौका होगा। भारत की सबसे सफल महिला बल्लेबाज मिताली ने हाल ही संन्यास की घोषणा की है जबकि तेज गेंदबाज झूलन का टीम में चयन नहीं हुआ है। हरमनप्रीत ने यहां ऑनलाइन संवाददाता सम्मेलन में कहा, '' हम अपनी टीम पर कड़ी मेहनत कर रहे हैं, हमारे पास बेहतरीन संयोजन हैं। हम पहली बार सीनियर खिलाड़ियों के बिना जा रहे है, ऐसे में यह हमारे लिए नयी शुरुआत करने के नजरिये से एक अच्छा दौरा है।

क्या आप जानते हैं ?... ओलंपिक में सफेद रंग के झंडे में पांच छल्ले होते हैं। नीले, पीले, काले, हरे और लाल रंग के ये छल्ले दुनिया के पांच महाद्वीपों के प्रतीक है।

भारतीय महिला हॉकी टीम ने ओलिंपिक मेडलिस्ट अर्जेंटीना को धूल चटाई

रोटरडम (नीदरलैंड्स), 18 जून। गुरजीत कौर के दो गोल से भारतीय महिला हॉकी टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए एफआईएच प्रो लीग के 'डबल लेग' मुकाबले के पहले मैच में निर्धारित समय में 3-3 के स्कोर के बाद शूटआउट में ओलिंपिक की सिल्वर मेडलिस्ट अर्जेंटीना को 2-1 से हराकर उलटफेर किया।

गुरजीत (37वें और 51वें मिनट) ने दो पेनल्टी कॉर्नर से और लालरेमसियामी ने चौथे मिनट में मैदानी गोल किया। अर्जेंटीना के लिए ऑगस्टिना गोर्जेलानी ने 22वें, 37वें और 45वें मिनट में हैट्रिक करके मैच को शूटआउट तक पहुंचाया।शूटआउट में नेहा गोयल और सोनिका ने भारत के लिये गोल किये जबकि मौजूदा प्रो लीग चैंपियन अर्जेंटीना के लिये विक्टोरिया ग्रानाटो एकमात्र स्कोरर रहीं। इस तरह सविता पूनिया की टीम ने यादगार जीत दर्ज की और तोक्यो ओलंपिक सेमीफाइनल में इसी प्रतिद्वंद्वी टीम के खिलाफ मिली 1-2 की हार का बदला भी चुकता किया।

भारत ने शुरू में ही अर्जेंटीना के रक्षण पर दबाव बनाकर तीसरे ही मिनट में पेनल्टी कॉर्नर हासिल कर लिया लेकिन मोनिका की फ्लिक का प्रतिद्वंद्वी गोलकीपर बेलेन सुकी ने अच्छा बचाव किया। एक मिनट बाद भारत ने लालरेमसियामी के शानदार मैदानी गोल से बढ़त बनायी। इस गोल से दबाव में आयी अर्जेंटीना ने आक्रमण करना शुरू किया और जल्द ही लगातार दो पेनल्टी कॉर्नर हासिल किये लेकिन भारत के मजबूत रक्षण के आगे उनकी एक नहीं चली।

दूसरे क्वार्टर के छह मिनट में अर्जेंटीना ने तेजी से दो पेनल्टी कॉर्नर हासिल किये और ऑगस्टिना गोर्जेलानी ने गोल कर दिया जब उनकी फ्लिक सुशीला चानू की स्टिक से डिफ्लेक्ट हो गयी। भारत को हाफ टाइम से कुछ सेंकेड से पहले एक पेनल्टी कॉर्नर हासिल किया लेकिन मौका गंवा दिया। इसके बाद गोर्जेलानी ने 37वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर से गोल किया।

अर्जेंटीना की खुशी कुछ देर ही रह सकी भारत ने सेंकेड बाद ही गुरजीत कोर के पेनल्टी कॉर्नर पर किये गये गोल से बराबरी हासिल की। अर्जेंटीना ने कोशिश जारी रखी और तीसरे क्वार्टर में दो और पेनल्टी कॉर्नर हासिल किये लेकिन भारतीयों का रक्षण बेहतरीन रहा। अर्जेंटीना को आठवां पेनल्टी कॉर्नर 45वें मिनट में मिला और गोर्जेलानी ने गोल कर अपनी हैट्रिक पूरी कर टीम को फिर आगे कर दिया।

भारतीय खिलाड़ियों ने उम्मीद नहीं छोड़ी और डटी रहीं। गुरजीत ने फिर 51वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर को गोल में तब्दील कर स्कोर 3-3 की बराबरी पर ला दिया। इसके बाद दोनों टीमों ने विजयी गोल करने की कोशिश की लेकिन दोनों टीमों का रक्षण दमदार रहा, जिससे मैच शूटआउट में चला गया। भारत और अर्जेंटीना अब दूसरे मैच में रविवार को एक दूसरे के आमने सामने होंगे।

भारत-दक्षिण अफ्रीका में निर्णायक मुकाबला आज

पांच मैचों की टी-20 सीरीज में दोनों टीमें 2-2 की बराबरी पर

बेंगलुरु, 18 जून। पांच मैचों की टी 20 सीरीज में 2-2 की बराबरी हो जाने के बाद रविवार को भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच निर्णायक मुकाबला ब्लॉकबस्टर होगा। दक्षिण अफ्रीका ने दिल्ली और कटक में पहले दो मैच आसानी से जीते लेकिन भारतीय टीम ने शानदार वापसी करते हुए विशाखापत्तनम और राजकोट में अगले दो मैच जीतकर सीरीज में बराबरी कर ली। राजकोट में चौथे मैच में भारत ने दक्षिण अफ्रीका पर रनों के हिसाब से टी20 में अपनी सबसे बड़ी जीत दर्ज की।

राजकोट में प्लेयर ऑफ द मैच रहे दिनेश कार्तिक ने 2006 में भारत का पहला टी20 अंतर्राष्ट्रीय मैच खेला था और उन्हें अपना पहला टी20 अंतर्राष्ट्रीय अर्धशतक लगाने के लिए 16 साल और 35 मैच लग गए। कार्तिक ने हार्दिक पांड्या के साथ पांचवें विकेट के लिए तेज़ 65 रन जोड़े, जिसकी बदौलत एक समय 13 ओवर में चार विकेट खोकर 81 रन पर लड़खड़ा रही भारतीय टीम ने 169 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया। भारत ने अंतिम पांच ओवरों में 73 रन बनाए।

जवाब में दक्षिण अफ्रीका की बल्लेबाज़ी भारतीय गेंदबाज़ों के सामने टिक नहीं पाई और 87 रन पर सिमट गयी। यह साउथ अफ्रीका का टी20 अंतर्राष्ट्रीय मैचों में न्यूनतम स्कोर था। दक्षिण अफ्रीका ने अपने अंतिम पांच विकेट सिर्फ़ 13 रन के भीतर गंवाए। भारत की तरफ़ से आवेश ख़ान सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज़ रहे, जिन्होंने अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 18 रन देकर चार विकेट लिया। उन्होंने अपने तीसरे ओवर में तीन विकेट लिए।

भारत की निर्णायक मुकाबले से पहले एकमात्र चिंता कप्तान ऋषभ पंत की फॉर्म है। यह सीरीज़ कप्तान ऋषभ पंत के लिए कुछ ख़ास नहीं रही है। वह रन तो बना नहीं रहे हैं जबकि एक ही तरीक़े से आउट हो रहे हैं। पिछली चार में से तीन पारियों में वह ऐसी गेंदों पर आउट हुए हैं जो आसानी से वाइड हो सकती थी।

वह ज़बरदस्ती ऑफ़ स्टंप से काफ़ी बाहर जा रही गेंदों को मारने की कोशिश करते हैं और अपनी विकेट फेंक देते हैं। चौथे मैच में वह केशव महाराज की वाइड लाइन से बाहर जाती फुल गेंद को स्वीप करने गए, बाहरी किनारा लगा और शॉर्ट थर्ड मैन पर ड्वेन प्रिटोरियस के लिए यह आसान कैच था। पंत ने मैच के बाद कहा, हमने अच्छा खेलने और प्लान पर अमल करने की बात की थी और हमने ऐसा ही किया। जो टीम अंतिम मैच में अच्छा खेलेगी वह जीतेगी। मैं अपने खेल में कुछ बदलाव कर सकता हूं लेकिन मैं ज़्यादा सोच विचार नहीं करता हूं। बेंगलुरु में हम अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेंगे और सीरीज़ जीतने का प्रयास करेंगे।

दक्षिण अफ्रीका के उपकप्तान केशव महाराज ने कहा, अंतिम पांच ओवरों में हमने ज़्यादा रन लुटाए। बल्लेबाज़ी के दौरान पावरप्ले में हमसे ग़लतियां हुई और हम पीछे हट गए। रविवार को एक अहम मैच होगा और हमें बेहतर प्रदर्शन करना होगा। हमने लगातार अंतराल पर विकेट गंवाए जिससे साझेदारी निभाना कठिन हो गया।

भारतीय गेंदबाज़ों को भी श्रेय दिया जाना चाहिए क्योंकि उन्होंने शानदार गेंदबाज़ी की। भारत में छोटे मैदानों पर गेंदबाज़ी करना मेरे लिए कठिन होता है। बेंगलुरु में अंतिम मुक़ाबले में बहुत मज़ा आएगा। भारत ने चौथा मैच 82 रनों से जीतकर बेंगलुरु में होने वाले अंतिम मुक़ाबले को सीरीज़ का फ़ाइनल बना दिया है। इस मुकाबले में जो टीम अनुशासन के साथ बढ़िया खेलेगी वह सीरीज अपने नाम करेगी।

स्वीडन में तीन देशों के टूर्नामेंट में भाग लेगी भारतीय महिला फुटबॉल टीम

नयी दिल्ली, 18 जून। भारतीय सीनियर महिला फुटबॉल टीम तैयारियों के लिये स्वीडन के दौरे पर डब्ल्यूयू23 तीन देशों के टूर्नामेंट में भाग लेगी। भारतीय टीम 22 से 28 जून तक चलने वाले टूर्नामेंट में स्वीडन और अमेरिका के खिलाफ खेलेगी। सुरेन छेत्री शिविर में बतौर अंतरिम मुख्य कोच टीम का मार्गदर्शन करेंगे जो अंडर-20 महिला टीम और इंडियन एरोज महिला टीम के मुख्य कोच हैं। भारत का 23 सदस्यीय दल इस समय पुणे में 13 जून से ट्रेनिंग शिविर में हिस्सा ले रहा है।

कार्यक्रम : 22 जून : स्वीडन बनाम भारत (रात साढ़े नौ बजे) 25 जून : भारत बनाम अमेरिका (शाम साढ़े छह बजे) टीम इस प्रकार है : गोलकीपर : अदिति चौहान, एल देवी, श्रेया हुड्डा, डिफेंडर : डालिमा छिब्बर, स्वीटी देवी, रितु रानी, आशालता देवी, रंजना चानू, मनीषा पन्ना, अरिफा सईद, मिडफील्डर : अंजू तमांग, कार्तिका अंगामुथु, रतनबाला देवी, प्रियंगका देवी, मार्टिना थॉकचोम, संतोष, फारवर्ड : अपूर्णा नरजारी, ग्रेस डांगमेई, सौम्या गुगुलोथ, मनीषा, प्यारी खाका, रेणु, दुलार मरांडी।

विश्व कप खिताब के लिए ऐसी टीम का गठन जरूरी जो हर परिस्थितियों में बेहतर कर सके

बेंगलुरू, 18 जून। भारतीय महिला क्रिकेट टीम के मुख्य कोच रमेश पवार ने शनिवार को एक मजबूत टीम बनाने की जरूरत पर जोर दिया जो विश्व कप खिताब जीतने के लिए सभी परिस्थितियों में खेल सके। भारतीय महिलाएं दो बार विश्व खिताब जीतने के करीब पहुंची थी लेकिन दोनों बार उसे फाइनल में मेजबान देशों के खिलाफ शिकस्त झेलनी पड़ी। टीम 2017 में इंग्लैंड में एकदिवसीय विश्व कप और 2020 में ऑस्ट्रेलिया में टी20 विश्व कप की उपविजेता रही। पवार ने श्रीलंका दौरे पर टीम की रवानगी से पहले आयोजित संवाददाता सम्मेलन में कहा, ''हम अपनी क्षेत्ररक्षण और फिटनेस पर काम कर के अपने खिलाड़ियों को अगले स्तर तक ले जाने की कोशिश कर रहे है। यह हमारा तात्कालिक लक्ष्य है जिसे हम हासिल करने की कोशिश कर रहे हैं।'' उन्होंने कहा, '' आने वाले समय में आप विश्व कप जीतना चाहते हैं, लेकिन यह महत्वपूर्ण है कि आप एक ऐसी टीम बनाएं जो हर स्थिति में और हर प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ कड़ी प्रतिस्पर्धा कर सके। इसलिए हम श्रीलंका दौरे से पहले इस पर काम कर रहे हैं।''

कार्तिक असामान्य क्षेत्र में रन बनाता है जिससे उन्हें गेंदबाजी करना मुश्किल हो जाता है : महाराज

राजकोट, 18 जून। दक्षिण अफ्रीका के स्पिनर केशव महाराज का मानना है कि भारतीय बल्लेबाज दिनेश कार्तिक मैदान में ऐसे क्षेत्र में रन जुटाने की कोशिश करते हैं जहां पर सामान्य रूप से रन नहीं बनते हैं जिससे उन्हें गेंदबाजी करना मुश्किल हो जाता है। कार्तिक ने 27 गेंद में 55 रन की पारी खेली और यह 2006 में पहला टी20 मैच खेलने के बाद इस प्रारूप में उनका पहला अर्धशतक था। इस पारी की बदौलत भारत शुक्रवार को यहां पांच मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला 2-2 से बराबर करने में सफल रहा। कार्तिक (37 साल) ने इंडियन प्रीमियर लीग में शानदार प्रदर्शन के साथ भारतीय टीम में एक और वापसी की। भारतीय टीम के 'फिनिशर' कार्तिक 'पावरहिटिंग' पर ही निर्भर नहीं रहते। उन्होंने रन जुटाने के लिये मैदान का अच्छा इस्तेमाल किया। शुक्रवार को उन्होंने स्पिनरों और तेज गेंदबाजों के खिलाफ स्वीप शॉट के अलावा रिवर्स हिट से रन जोड़े। मैच के बाद महाराज ने कहा, ''वह (कार्तिक) शानदार फॉर्म में है और अपनी भूमिका शानदार तरीके से निभा रहा है। वह निश्चित रूप से खेल के सर्वश्रेष्ठ 'फिनिशर' में से एक है। वह ऐसे क्षेत्र में रन जुटाता है जो सामान्य नहीं है इसलिये उसे गेंदबाजी करना मुश्किल हो जाता है। ह्र

एच.एस. प्रणय की हार के साथ भारतीय चुनौती समाप्त

जकार्ता, 18 मार्च। एच एस प्रणय की शनिवार को सेमीफाइनल में हार के साथ इंडोनेशिया ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट में भारतीय चुनौती समाप्त हो गयी। प्रणय को चीन के जुन पेंग झाओ में लगातार गेमों में 21-16, 21-15 से पराजित किया और फ़ाइनल में जगह बना ली।

23 साल बाद रणजी फाइनल खेलने उतरेगी मध्य प्रदेश

बेंगलुरु, 18 जून। 23 साल पहले चिन्नास्वामी स्टेडियम में मध्य प्रदेश का रणजी ट्रॉफ़ी जीतने का सपना टूट गया था। 23 साल बाद वह उसी मैदान पर फिर एक बार उस सपने को पूरा करने का प्रयास करेगी। उसके सामने 41 बार की चैंपियन मुंबई की चुनौती होगी जो 2016-17 के बाद पहली बार फ़ाइनल में पहुंची है। दिलचस्प बात यह है कि उस समय मुंबई के कोच रहे चंद्रकांत पंडित अब मध्य प्रदेश के ख़ेमे में हैं। पहले मुंबई और फिर विदर्भ के साथ रणजी ट्रॉफ़ी जीतने के बाद उनके पास इतिहास को दोहराने का अच्छा मौक़ा है। और तो और जब कर्नाटक ने 1998-99 में मध्य प्रदेश को फ़ाइनल में हराया था, तब पंडित टीम के कप्तान थे।

दिग्गज कोच रमाकांत आचरेकर के शिष्य पंडित और अमोल मज़ुमदार (मुंबई के कोच) 22 जून को अपनी अपनी खड़ूस टीमों के साथ फ़ाइनल में होंगे। मध्य प्रदेश को फ़ाइनल में पहुंचाने का बड़ा श्रेय बाएं हाथ के स्पिनर कुमार कार्तिकेय को जाता है। पिछले हफ़्ते पंजाब के ख़िलाफ़ दूसरी पारी में छह विकेट लेने के बाद उन्होंने सेमीफ़ाइनल में बंगाल के विरुद्ध दूसरी पारी में पांच विकेट झटके।

पहली पारी में 97 पर चार की स्थिति से मध्य प्रदेश ने 341 का स्कोर खड़ा किया। हिमांशु मंत्री के 165 रन और 18 वर्षीय अक्षत रघुवंशी के साथ उनकी शतकीय साझेदारी ने इसमें अहम भूमिका निभाई। चोटिल मनोज तिवारी और शाहबाज़ अहमद के शतकों के दम पर बंगाल ने वापसी की।

54 रन पर पांच विकेट गंवाने के बाद इन दोनों ने रनों के बीच के अंतर को केवल 68 पर ला खड़ा किया। हालांकि रजत पाटीदार और आदित्य श्रीवास्तव के अर्धशतकों की बदौलत मध्य प्रदेश ने 350 का लक्ष्य खड़ा किया।

जब अंतिम दिन का खेल शुरू हुआ तो बंगाल को 254 रनों की आवश्यकता थी और उनके छह विकेट शेष थे। अंपायर के ख़राब पगबाधा फ़ैसले के अलावा उनका बल्लेबाज़ी क्रम स्पिन के आगे बिखर गया। बंगाल की ओर से कप्तान अभिमन्यु ईश्वरन ने 78 रन बनाए लेकिन कार्तिकेय की लो रही गेंद पर जब वह बोल्ड हुए तब मैच उनकी पकड़ से दूर जा चुका था। 66वें ओवर में मध्य प्रदेश ने जीत पूरी की जब गौरव यादव ने मुकेश कुमार को बोल्ड किया। 175 रनों पर बंगाल की पारी सिमटी। शाहबाज़ 82 गेंदों पर 22 रन बनाकर नाबाद रहे। अजीब बात यह रही कि दूसरे छोर पर गिरते विकेटों के बावजूद उन्होंने आक्रामक रवैया नहीं अपनाया।

इस मैच में बंगाल ने एक अतिरिक्त ऑलराउंडर को खिलाकर अपनी बल्लेबाज़ी को मज़बूत किया था। इस वजह से इशान पोरेल को ड्रॉप किया गया और यह फ़ैसला भारी पड़ गया। उनकी जगह खेल रहे सायन मंडल ने दो पारियों में केवल एक रन बनाया और 16 ओवरों में उन्हें एक भी विकेट नहीं मिला। मध्य प्रदेश के हाथों मिली हार के बाद बंगाल के निराशाजनक सीज़न का अंत हुआ।

चेन्नईयिन एफसी ने साजिद धोत से दो साल का करार किया

चेन्नई, 18 जून। दो बार की इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) चैम्पियन चेन्नईयिन एफसी ने डिफेंडर मोहम्मद साजिद धोत से दो साल का नया अनुबंध किया है जिससे वह क्लब के साथ 2024 तक बने रहेंगे। इस फुटबॉलर ने क्लब के लिये पिछले आईएसएल सत्र में छह मैच खेले थे जिसमें 24 साल के इस खिलाड़ी ने काफी प्रभावित किया था। उन्होंने एक विज्ञप्ति में कहा, ''मैं इस क्लब का दो और साल हिस्सा बना रहूंगा जिससे मैं बहुत खुश हूं। पिछले साल मुझे मौके मिले और मैंने अपना सर्वश्रेष्ठ दिया।

देशभर के 75 शहरों का दौरा करेगी शतरंज ओलंपियाड की मशाल रिले

नयी दिल्ली, 18 जून। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पहली बार रविवार को शतरंज ओलंपियाड की मशाल रिले का शुभारंभ करेंगे। इंदिरा गांधी स्टेडियम में प्रधानमंत्री मोदी शतरंज ओलंपियाड के 44वें संस्करण के लिए मशाल रिले को रवाना करेंगे।

शतरंज ओलंपियाड मशाल रिले अपने उद्घाटन साल में देश भर के 75 शहरों का दौरा करेगा और फिर मेजबान शहर चेन्नई के पास स्थित ऐतिहासिक स्थल महाबलिपुरम पहुंचेगा। अखिल भारतीय शतरंज महासंघ (एआईसीएफ) ने शुक्रवार को इस मशाल रिले का रूट मैप जारी किया।

अंतर्राष्ट्रीय शतरंज महासंघ (फिडे) मानता है कि शतरंज का उद्भव भारत में हुआ था और इसी कारण उसने भारत को सम्मान देने के लिए ओलंपिक मशाल रिले की शैली की मशाल रिले परंपरा की शुरुआत की। इस साल के आयोजन के बाद दुनिया में जब भी कहीं शतरंज ओलंपियाड का आयोजन होगा तो उसकी लौ भारत से निकलेगी और फिर तमाम देशों की यात्रा करते हुए मेजबान देश के मेजबान शहर पहुंचेगी। इस साल चूंकि समय कम था, लिहाजा फिडे और एआईसीएफ ने मशाल रिले को भारत में ही आयोजित करने का फैसला किया और इसी के तहत 75 शहरों का चयन किया गया है।

पांच बार के विश्व चैम्पियन विश्वनाथन आनंद ने शुक्रवार शाम को नई दिल्ली में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में कहा, ''मैं इस ऐतिहासिक क्षण का हिस्सा बनने के लिए वास्तव में उत्साहित हूं। मैं हमेशा ओलंपिक मशाल रिले की अवधारणा से रोमांचित था और और अब हमारे पास शतरंज में भी मशाल रिले है। लेकिन सबसे आश्चर्यजनक बात यह है कि इसकी शुरुआत हमेशा भारत से होगी। और एक भारतीय के रूप में, मुझे इस तथ्य पर वास्तव में गर्व महसूस होता है।''

अखिल भारतीय शतरंज महासंघ के अध्यक्ष संजय कपूर और सचिव और ओलंपियाड निदेशक भरत सिंह चौहान के अलावा इस कार्यक्रम में टेक महिंद्रा के चीफ ऑफ स्ट्रैटेजी जगदीश मित्रा और तमिलनाडु सरकार की प्रधान सचिव अपूर्वा भी मौजूद थीं। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली से शुरू होकर, ऐतिहासिक ओलंपियाड मशाल रिले पूरे देश में यात्रा करेगी। 27 जुलाई को अपने गंतव्य महाबलिपुरम तक पहुंचने से पहले यह मशाल रिले लेह, श्रीनगर, जयपुर, सूरत, मुंबई, भोपाल, पटना, कोलकाता, गंगटोक, हैदराबाद, बेंगलुरु, त्रिशूर, पोर्ट ब्लेयर और कन्याकुमारी सहित 75 शहरों से होकर गुजरेगी।

यशस्वी जायसवाल के दोनों पारियों में शतक की बदौलत मुंबई फाइनल में

बेंगलुरू, 18 जून। मुंबई ने उत्तर प्रदेश के ख़िलाफ़ सेमीफ़ाइनल में शानदार ऑलराउंड प्रदर्शन किया जो एक नीरस ड्रॉ मुक़ाबले के रूप में सामाप्त हुआ, अंतत: पहली पारी की बढ़त के आधार पर मुंबई ने फ़ाइनल के लिए क्वालीफ़ाई किया। अब वे 22 जून से बेंगलुरु में मध्य प्रदेश से भिड़ेंगे, जिन्होंने दूसरे सेमीफ़ाइनल में बंगाल को 174 रनों से हराया। पहली पारी में 213 रन की बढ़त के बाद, जब अंतिम दिन के दोपहर में मुंबई ने अपनी दूसरी पारी घोषित की तो उनके पास कुल बढ़त 746 रनों की थी। हालांकि चौथे दिन की समाप्ति पर ही मुंबई का फ़ाइनल में पहुंचना निश्चित हो गया था, जब वे 662 रन से आगे थे।

एशियाई साइक्लिंग के पहले दिन चमका भारत

नयी दिल्ली, 18 जून। एशियाई ट्रैक साइक्लिंग चैंपियनशिप की शनिवार को यहां इंदिरा गांधी स्पोर्ट्स स्टेडियम के यमुना वेलोड्रोम में शुरुआत हुई और मेजबान भारत ने पहले दिन चमकदार प्रदर्शन किया। पहले दिन 12 फाइनल्स हुए जिनमें से चार पैरा चैंपियनशिप के लिए थे। भारत ने 41वीं सीनियर और 28वीं जूनियर एशियाई चैंपियनशिप में एक रजत और छह कांस्य पदक जीते जबकि 10वीं पैरा चैंपियनशिप में एक स्वर्ण, एक रजत और एक कांस्य पदक जीता। भारत को रजत पदक जूनियर चार किमी टीम परस्यूट स्पर्धा में मिला। भारतीय चौकड़ी ने क्वालीफाइंग में 4:54.884 और फ़ाइनल में 4:54.034 का समय निकाला। सीनियर महिला चार किमी टीम परस्यूट स्पर्धा में भारत को कांस्य पदक मिला। भारत ने 17 साल के अंतराल के बाद एशियाई चैंपियनशिप के सीनियर महिला वर्ग में कोई पदक जीता है।

भारत में अपने मीडिया राइड्स बेचेगा आईसीसी

दुबई, 18 जून। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) अपने मीडिया राइट्स को अगले आठ साल के लिए बेचने जा रहा है। पिछली बार की अपेक्षा में इस बार अहम बदलाव किए गए हैं। बदलते मीडिया परिदृश्य को देखते हुए आईसीसी सबसे पहले, अगले सप्ताह से केवल भारतीय बाज़ार में उतरेगा। वह पुरुषों और महिलाओं के टूर्नामेंटों के प्रसारण अधिकारों को अलग-अलग बेचेगा, और डिजिटल राइट्स भी अलग से बेचेगा।

आईसीसी का पहले भारत जाने का फ़ैसला यह दिखाता है कि उनकी इस डील को बेहतर से बेहतर करने की इच्छा है। अतीत में आईसीसी ने पुरुषों और महिलाओं के टूर्नामेंटों को मिलाकर एक साथ विश्व स्तर पर राइट्स बेचे हैं। अब आईसीसी बोलीदाताओं से अधिक प्रतिस्पर्धा की उम्मीद में विभिन्न क्षेत्रों के राइट्स बेचना चाहता है। इससे डील के कुल मोल में वृद्धि होगा।

जब राइट्स पहले भारतीय बाज़ार के लिए बेचे जाएंगे, तो अधिकतम छह पैकेज केवल टीवी पर, केवल डिजिटल या दोनों एक साथ उपलब्ध होंगे। संभावित बोलीदाता 16 पुरुष विश्व टूर्नामेंट (आठ सालों में) और छह महिला विश्व टूर्नामेंट (चार सालों में) के लिए क्रमश: 362 और 103 मैचों की बोली लगा सकते हैं। इन आंकड़ों में केवल सीनियर लेवल के मैच शामिल हैं; पुरुष और महिला अंडर-19 विश्व कप (वनडे और टी20) डील का हिस्सा होंगे, लेकिन इन आंकड़ों से अतिरिक्त हैं। आईसीसी की एक विज्ञप्ति में कहा गया है, ''इच्छुक पार्टियों को पुरुषों के इवेंट्स के पहले चार वर्षों के लिए बोली लगाने की आवश्यकता होगी। हालांकि, उनके पास आठ साल की पार्टनरशिप के लिए बोली लगाने का विकल्प भी है।''

पुरुषों के इवेंट्स (अंडर-19 सहित) के लिए तीन पैकेज उपलब्ध होंगे:- टीवी (चार/आठ वर्ष), डिजिटल (चार/आठ वर्ष), टीवी और डिजिटल दोनों (चार/आठ वर्ष) महिलाओं के इवेंट्स (अंडर-19 सहित) के लिए समान पैकेज उपलब्ध होंगे, सिवाय इसके कि उनमें से प्रत्येक के लिए अवधि चार वर्ष है : टीवी (चार वर्ष), डिजिटल (चार वर्ष), टीवी और डिजिटल दोनों (चार वर्ष)

आईसीसी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी जेफ़ एलार्डिस ने विज्ञप्ति में कहा, ''पिछले पांच वर्षों में महिला क्रिकेट में लोगों की रुचि में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। हमने उस विकास में तेज़ी लाने के लिए एक लंबी अवधि की रणनीतिक प्रतिबद्धता बनाई है और हमारी महिलाओं के इवेंट्स के राइट्स को अलग से बेचना इसमें एक बड़ी भूमिका निभाएगा। हम एक ऐसे ब्रॉडकास्ट पार्टनर की तलाश कर रहे हैं जो महिलाओं के खेल को आगे बढ़ाने में अपनी भूमिका से उत्साहित हो और यह सुनिश्चित कर सके कि पहले से कहीं अधिक प्रशंसक इसका आनंद ले सकें।''

विश्व रिकॉर्ड स्कोर के बाद 232 रनों से जीता इंग्लैंड

एम्सटलवीन, 18 जून। इंग्लैंड क्रिकेट टीम ने नीदरलैंड के खिलाफ खेले गये मुकाबले में एकदिवसीय क्रिकेट के सबसे बड़े टीम स्कोर का अपना ही रिकॉर्ड तोड़ते हुए 498 रन बनाये और फिर नीदरलैंड्स को 49.4 ओवर में 266 रन पर समेट कर मुकाबला 232 रनों से जीत लिया। इंग्लैंड ने नीदरलैंड के एम्सटलवीन में खेले गये 50 ओवर मुकाबले में जॉस बटलर (162), डाविड मलान (125), फ़िलिप सॉल्ट (122) और लायम लिविंग्स्टोन (66) की बदौलत 50 ओवर क्रिकेट में नया कीर्तिमान रचा। इससे पहले इंग्लैंड ने ही 2018 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ नॉटिंघम में 481 रन बनाकर उस समय का सबसे बड़ा एकदिवसीय टीम स्कोर दर्ज किया था। नीदरलैंड की तरफ से मैक्स ओडाउड ने 55 और स्कॉट एडवर्ड्स ने नाबाद 72 रन बनाये। इंग्लैंड के लिए मोईन अली ने 57 रन देकर सर्वाधिक तीन विकेट लिए।

टी-20 में 16 साल बाद अर्द्धशतक जमाकर अच्छा लगा : कार्तिक

राजकोट, 18 जून। राजकोट में दिनेश कार्तिक ने टी20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में 16 साल पहले डेब्यू करने के बाद अपना पहला अर्धशतक जड़ा। कार्तिक का वह डेब्यू मैच भारत का पहला टी20 अंतर्राष्ट्रीय मैच था और वह एक अलग पीढ़ी के साथ खेल रहे थे। उस मैच में विपक्षी टीम के कप्तान रहे ग्रीम स्मिथ शुक्रवार के मैच में कॉमेंट्री कर रहे थे। हालांकि इतने लंबे करियर में कार्तिक को केवल 34 टी20 अंतर्राष्ट्रीय मैच खेलने का मौक़ा मिला। 2010 से 2017 के बीच सात सालों में उन्होंने भारत के लिए एक भी टी20 अंतर्राष्ट्रीय मैच नहीं खेला था।

भारतीय टीम से उनके वनवास का बड़ा कारण यह था कि कार्तिक इस दौरान महेंद्र सिंह धोनी के बाद टीम के दूसरे विकेटकीपर थे और समझा जा रहा था कि वह बतौर विशेषज्ञ बल्लेबाज़ टीम में खेलने के योग्य नहीं है। हालांकि अब यह प्रारूप बदल चुका है और सुपर-विशेषज्ञ खिलाड़ियों के लिए अवसर ही अवसर है। पिछले कुछ महीनों में कार्तिक फ़िनिशर की भूमिका में ऐसे ही सुपर-विशेषज्ञ खिलाड़ी बनकर उभरे हैं। आईपीएल 2022 की शुरुआत से वह इस स्तर पर बल्लेबाज़ी कर रहे हैं कि भारतीय टीम प्रबंधन को एकादश में उन्हें स्थान देना ही पड़ा।

भारत पारी के अंतिम पांच ओवरों में उनका इस्तेमाल करना चाहता था। इसलिए सीरीज़ के दूसरे मैच में जब 13वें ओवर में चौथा विकेट गिरा तो अक्षर पटेल उनसे पहले बल्लेबाज़ी करने आए। यह

रणनीति विफल हुई और अक्षर ने 10 रन बनाने के लिए 11 गेंदों का सामना किया।

राजकोट में भी भारत ने 13वें ओवर में चौथा विकेट गंवाया लेकिन पिच हरकत कर रही थी। धीमी पिच होने के कारण गेंद ठीक से बल्ले पर नहीं आ रही थी और दोहरा उछाल भी मिल रहा था। नौवें ओवर में अनरिख़ नॉर्खिये की पहली गेंद हार्दिक पांड्या के बल्ले के नीचे से निकल गई जबकि पांचवीं गेंद ऋषभ पंत के ग्लव पर जाकर लगी।

इन सभी बातों को ध्यान में रखते हुए भारत ने अक्षर को नहीं बल्कि कार्तिक को ही छठे नंबर पर भेजने का निर्णय लिया। हार्दिक ने उन्हें शुरुआत में अपना समय लेने को कहा क्योंकि सेट होने के बाद रन बनाना आसान था। कार्तिक ने चार गेंदों बाद अपना खाता खोला और एक समय आठ गेंदों पर छह रन बनाकर खेल रहे थे। हालांकि इस दौरान उन्होंने परिस्थितियों का जायज़ा लिया।

16वें ओवर में तेम्बा बवूमा ने नॉर्खिये को गेंदबाज़ी पर वापस बुलाया। तब तक कार्तिक सेट हो चुके थे और अब प्रहार करने का समय था। चहलक़दमी करते हुए उन्होंने मिडऑफ़ के ऊपर से चौका लगाया। दो गेंदों बाद उन्होंने कट के सहारे प्वाइंट की दिशा में एक और चौका बटोरा।

दूसरे छोर पर उन्होंने केशव महाराज के ख़िलाफ़ स्वीप, ड्राइव और रिवर्स पुल पर तीन और चौके जड़ दिए। महाराज ने बाद में कहा, ''वह विचित्र क्षेत्रों में रन बनाते हैं। इससे उनके ख़िलाफ़ गेंदबाज़ी करना कठिन है।''

ड्वेन प्रिटोरियस ने पहले दो ओवरों में केवल नौ रन दिए थे लेकिन अब उनका सामना अच्छी लय में बल्लेबाज़ी कर रहे कार्तिक से होने वाला था। क्रीज़ की गहराई में खड़े कार्तिक ने क्रीज़ में क़दमताल करते हुए तीन गेंदों पर 6,4,4 लगाया। प्रिटोरियस के अगले और पारी के अंतिम ओवर की पहली गेंद पर छक्का लगाकर कार्तिक ने अपना अर्धशतक पूरा किया। जब 12.5 ओवर में 81 के कुल स्कोर पर पंत आउट हुए, ईएसपीएनक्रिकइंफ़ो के फ़ोरकास्टर ने 149 के कुल स्कोर का अनुमान लगाया था। हालांकि कार्तिक की तूफ़ानी पारी की बदौलत भारत ने छह विकेट पर 169 रन बनाए जो साउथ अफ्रीका के कुल स्कोर से लगभग दोगुना था।

आईपीएल 2022 की शुरुआत से कई मौक़ों पर कार्तिक ने बताया है कि कैसे उन्होंने अपने कोच के साथ बहुत मेहनत की हैं। वह कहते हैं कि इस अभ्यास ने उन्हें परिस्थितियों को बेहतर ढंग से समझने और उसे अनुसार खेलने में मदद की है। इसके अलावा शुक्रवार को मैच के बाद उन्होंने भारतीय ड्रेसिंग रूम के माहौल और वहां मिले समर्थन के बारे में बताया। पोस्ट मैच प्रेज़ेंटेशन में उन्होंने कहा, ''मैं इस टीम में सुरक्षित महसूस कर रहा हूं। पिछले मैच में चीज़ें मेरे पक्ष में नहीं गई थी (आठ गेंदों पर वह छह रन बनाकर आउट हुए थे) लेकिन मैच के बाद ड्रेसिंग रूम में सांत्वना का माहौल था। इस समय ड्रेसिंग रूम एक सुरक्षित स्थान है। जब चीज़ें अच्छी जा रही होती है या जब वह सही नहीं होती तब भी बहुत अच्छा लगता है। यहां एक अलग तरह का सुकून है।''

कार्तिक ने आगे कहा, ''राहुल भाई सीरीज़ में हमारे अंदाज़ को लेकर काफ़ी स्पष्ट हैं। मुझे नहीं लगता कि उन्होंने यह कहा है कि हमें दक्षिण अफ्रीका को हराना है। वह केवल बल्लेबाज़ों और गेंदबाज़ों से रखी गई उम्मीदों के बारे में बात कर रहे हैं। मेरा मानना है कि वह स्पष्टता बहुत ज़रूरी है।'' आईपीएल की आतिशबाज़ियों के बाद कार्तिक ने भारतीय टीम में जगह बनाई। अब वह टी20 विश्व कप की टीम के लिए अपनी दावेदारी मज़बूत कर रहे हैं।16 साल बाद अर्धशतक लगाकर अच्छा लगा। मुझे इस टीम में सुरक्षित महसूस हो रहा है। पिछले मैच में चीज़ें मेरे पक्ष में नहीं गई थी लेकिन मेरा समर्थन किया गया।

कार्तिक ने कहा,सीरीज़ में 2-2 की बराबरी है और द्विपक्षीय सीरीज़ को अंतिम मैच तक जाते देख अच्छा लग रहा है। मुझे पता है कि भारत ने घर पर दक्षिण अफ्रीका को टी20 सीरीज़ में हराया नहीं है। राहुल भाई टीम को बता रहे हैं कि आपको अच्छा प्रदर्शन करना है और सीरीज़ जीतने की बातचीत नहीं होती है।